सार-समाचार

पीपाजी जयंती 23 को, कमेटियां बनी

जोधपुर, (कासं)। संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की 701 वीं जयन्ती 23 अप्रेल को समस्त देश में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसको लेकर श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट जोधपुर की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आयोजन संबंधित विभिन्न कमेटियों का गठन कर संयोजक नियुक्त किए गए। ट्रस्ट के सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि खेताराम गोयल, अशोक कुमार चावड़ा, मोहनलाल सोलंकी, नारायण सोलंकी तथा ओमप्रकाश तंवर को शोभायात्रा प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार दिलीप सोलंकी, विजेन्द्र गोयल तथा सत्यं नारायण टाक को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। रामचन्द्र पंवार, हनुमान चावड़ा,भरत मकवाना, तथा सवाई सिंह तंवर को भजनसंध्या प्रभाव दिया गया है।। जबकि जनसंपर्क का प्रभार नरेश सोलंकी तथा ओमप्रकाश दहिया देखेंगे। टैंट प्रभारी जगदीश तंवर डेरिया एवं अजाराम टाक को बनाया गया है। इसी प्रकार प्रसादी प्रभारी पार्षद कब्बूलाल दैया तथा हुक्माराम दैया को बनाया गया है। जल व्यवस्था का प्रभार दुर्गा राम पंवार, खेताराम गोयल पृथ्वी सिंह मकवाना को सौंपा गया है। प्रचार का दायित्व गजेन्द्र दहिया,मुकेश परिहार तथा नरेंद्र चौहान को सौंपा गया है। डा.विजयलक्ष्मी गोयल को महिला समिति का प्रभारी बनाया गया है। ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि इस वर्ष पीपा जयन्ती महोत्सव पर पांच दिवसीय कार्यक्रम होगा। 19 मार्च से 21मार्च तक संत शिरोमणि पीपा कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। 22 मार्च को सुबह रक्तदान शिविर तथा शाम को सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन होगा। 23 मार्च को शोभायात्रा निकाली जाएगी। महाप्रसदी का आयोजन होगा। कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सोलंकी ने बताया कि पांच दिवसीय महोत्सव को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह है।

सड़क हादसों में तीन जनों की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के सूरसागर एवं झंवर थाना क्षेत्र अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया। इस बारे में संबंधित थाना पुलिस ने मामले दर्ज किए है। सूरसागर थाने के एएसआई सुरताराम ने बताया कि मथानिया के अगुणावास निवासी 61 साल का हनुवंताराम पुत्र पूनाराम मेघवाल और उसका रिश्तेदार 24 वर्षीय अनिल भाटी पुत्र नरपतभाटी बुधवार को अपनी बाइक पर रिश्तेदारों से मिलने सूरसागर आए थे। शाम को वे अपने गांव जा रहे थे। तब रिंग रोड के पास एक निर्माणाधीन भवन के सामने के एक पिकअप के चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिस पर उन्हें एबुंलैंस 108 की मदद से एमडीएम अस्पताल भिजवाया गया। मगर यहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत बता दिया। एएसआई सुरताराम ने बताया कि आज शवों को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। पिकअप चालक के खिलाफ मृतक हनुवंताराम के पुत्र किशनलाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। झंवर पुलिस ने बताया कि विष्णु नगर सुराणी बालेसर निवासी सोहनलाल पुत्र नारायणराम विश्रोई की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि उसका भाई जगदीश बाइक लेकर गांव की तरफ से आ रहा था। तब हिंगोला- राबडियां गांव की सरहद में किसी पिकअप के चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस पर उसे एमडीएम अस्पताल ले जाया गया। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। झंवर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

रामनवमी महोत्सव समिति का गठन

जोधपुर, (कासं)। रामनवमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में राम जन्मोत्सव पर 17 अप्रैल को घण्टाघर से विराट शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा के संचालन को लेकर महोत्सव समिति का गठन किया गया है जिसमें माहेश्वरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काबरा को समिति अध्यक्ष व विहिप से जुड़े विजय सिंह परिहार, पुरषोत्तम बंसल व डॉ. राजकुमार भील को महामंत्री बनाया गया। साथ ही कार्यालय प्रमुख ज्ञानदेव जांगिड़ व कोषाध्यक्ष हिमांशु चांडक को बनाया गया। विहिप महानगर प्रचार प्रमुख तरुण सोतवाल ने बताया कि प्रान्त अध्यक्ष डॉ. राम गोयल द्वारा समिति की घोषणा कर सभी का साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप प्रान्त संगठन मंत्री राजेश पटेल ने कहा कि रामनवमी शोभायात्रा समाज में जागृति के साथ अच्छा संदेश देने वाली होनी चाहिए। सभी झांकियां धर्म राष्ट्र सनातन संस्कृति जागरण के साथ रामत्व का भाव जगाने वाली होगी। समरसता का भाव, लोकतंत्र परिष्कार के संदेश को देते हुए राष्ट्र के उत्थान व विकसित बनाने के लिए मतदान जागरूकता का भाव हो। पर्यावरण संरक्षण देने की झांकी हो। तब ही इस दिव्य आयोजन की सार्थकता होगी। इस बार शोभायात्रा में प्लास्टिक बैग, बोतल, गिलास का उपयोग नही होगा इसको लेकर काम करते हुए प्रदूषण रहित स्वच्छ शहर का महत्व दिया जाएगा।

जे.एन.वी.यू. में पेंशनर्स का प्रदर्शन जारी

जोधपुर, (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में पेंशनर्स को पेंशन नहीं मिलने पर गुरुवार को भी लगातार तीसरे दिन धरना व प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान पेंशनर्स ने कुलपति प्रो. केएल श्रीवास्तव के रवैये पर आक्रोश जताया। कुलपति के नहीं मिलने पर आज पेंशनर्स ने उन्हें लापता घोषित कर दिया। जेएनवीयू पेंशनर समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर रामनिवास शर्मा ने बताया कि यूनिवर्सिटी के पूर्व कर्मचारियों को समय पर पेंशन नहीं मिल पा रही है। विवि ने फरवरी की बकाया पेंशन का भी अब तक भुगतान नहीं किया है। पेंशनर्स को बार-बार प्रदर्शन करने के बाद ही पेंशन मिल पा रही है। इसको लेकर पेंशनर्स ने आज भी धरना-प्रदर्शन किया। आज पेंशनर्स सोसायटी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ द्वारा कुलपति का घेराव करने का कार्यक्रम प्रस्तावित था लेकिन कुछ कारणों से कुलपति डॉ केएल श्रीवास्तव नहीं आए जिसको लेकर पेंशनर्स में आक्रोश व्याप्त हो गया और उन्होंने कुलपति को लापता घोषित कर दिया। उन पर कार्यवाही करने का राज्य सरकार से आग्रह किया। विवि की माली हालत खराब होने से कोरानाकाल से ही विवि में पेंशन की समस्या चल रही है। करीब 1500 पेंशनर्स हैं।

प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक हुई

रेवदर, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत क्षेत्र के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक उपखण्ड कार्यालय रेवदर में सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुबोध सिंह चारण की अध्यक्षता में हुई। चारण ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत प्रचार प्रसार के लिए छपने वाली सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस व पब्लिशर की पूरी जानकारी होनी जरूरी है। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में विकास अधिकारी आवङदान चारण सहित क्षेत्र के समस्त प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की उपस्थिति रही। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग कार्यालय के मीडिया सेल प्रभारी मनोज नालिया द्वारा दी गयी।

वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

जोधपुर, (कासं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। साथ ही इस अवसर पर अभिभावक शिक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति विद्यालय ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया है। इस अवसर पर आयोजित अभिभावक शिक्षा कार्यशाला में उन्होंने परीक्षा परिणाम का सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत किया। अतिथि वक्ता के रूप में काउन्सलर तरुणिमा कंवर, दिव्या कंवर, ज्योति राजपुरोहित व जितेंद्र ग्वाला ने कार्यशाला में अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अभिभावकों के दायित्वों के संबंध में विस्तृत प्रकाश डाला। प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने आभार व्यक्त किया।

संयोजक, सह संयोजक नियुक्त

जालोर, (कासं)। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, प्रदेशाध्यक्ष महिला मोर्चा रक्षा भंडारी के निर्देशानुसार जालोर जिले की पांचों विधानसभा में संयोजक व सह संयोजक महिला मोर्चा जालोर की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी द्वारा नियुक्त किया गया। जालोर विधानसभा से संयोजक इंदु चौधरी व सह संयोजक गायत्री गौड, आहोर से संयोजक ललित शर्मा व सह संयोजक तिलोकी जैन, भीनमाल विधानसभा से संयोजक सरोज बाफना, सहसंयोजक हेमलता जैन, सांचौर विधानसभा से संयोजक शर्मिला शर्मा, सहसंयोजक संजना माहेश्वरी, रानीवाडा विधानसभा से संयोजक शोभना सुथार,सहसंयोजक गीता देवी को बनाया गया।

जालोर में एक नामांकन भरा

जालोर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 की नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत लोकसूचना जारी होने के पश्चात् प्रथम दिवस 1 अभ्यर्थी ने अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत प्रथम दिवस गुरूवार को महेन्द्र के. चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के नाम से एक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया।

उत्साह चौधरी ने जे.डी.ए. कार्यालय का निरीक्षण किया

जोधपुर, (कासं)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चौधरी ने गुरूवार को प्राधिकरण कार्यालय का निरीक्षण करते हुए प्राधिकरण की विभिन्न शाखाओं में सम्पादित किए जाने वाले कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव डॉ. हरीतिमा, उपायुक्त जोन 2 राजपाल यादव, एसीपी नरेश कुमार सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहें।

आयुक्त उत्साह चौधरी ने प्राधिकरण के नागरिक सुविधा केन्द्र एकल खिड़की पर आवेदकों को फाईल का रियल टाईम स्टेटस करने के लिए क्यूआर कोड, एसएमएस व हाईपर लिंक की प्रदान की जा रही नवीन सुविधा का निरीक्षण किया गया। आयुक्त चौधरी द्वारा विभिन्न शाखाओं में ऑनलाईन राज-काज के माध्यम से किए जा रहे ई-फाइल के कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चौधरी ने जे.डी.ए. के कार्यों की जानकारी ली।

रियल टाईम स्टेटस देख सकेंगे आवेदक

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के कुशल नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में एसीपी नरेश कुमार, कैलाश जोशी एवं प्राधिकरण आईटी टीम व एनएआईसी द्वारा प्राधिकरण में विभिन्न कार्यों का डिजीटलाईजेशन किया जा रहा है।

प्राधिकरण में विभागीय कार्य एवं आमजन के कार्यों को राज-काज पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन ई-फाईलिंग के जरिये किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा आमजन के कार्यों के सरलीकरण एवं शीघ्र निस्तारण के क्रम में आमजन को नवीन सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अन्तर्गत आवेदकों द्वारा जोधपुर विकास प्राधिकरण के नागरिक सुविधा केन्द्र एकल खिडकी पर आवेदन करने के पश्चात् आवेदन का रियल टाईम स्टेटस चैक किया जा सकता है।

एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि जेडीए द्वारा नागरिक सुविधा केन्द्र एकल खिड़की पर प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं फाईलों की प्राप्ति रसीद जो आवेदक को प्रदान की जाती है अब उस पर आवेदन की जानकारी के साथ एक क्यूआर कोड भी अंकित किया जा रहा है। आवेदकों द्वारा एकल खिडकी पर सिटीजन केयर सेन्टर के माध्यम से चल रही किसी भी सर्विसेज के अन्तर्गत आवेदन करने अथवा फाईल लगाने पर कार्मिक द्वारा सामान्य विवरण का इन्द्राज करने के पश्चात क्यूआर कोड अंकित रसीद जनरेट कर आवेदकों को प्रदान की जा रही है।

कार्मिक द्वारा आवेदन अथवा फाईल का सामान्य विवरण दर्ज करने के पश्चात् आवेदक के पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर आवेदन क्रमांक एवं लिंक का मैसेज भी प्राप्त हो रहा है।

एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि आवेदकों द्वारा रसीद पर अंकित क्यूआर कोड को मोबाईल से स्कैन कर ट्रैक यॉर एप्लिकेशन अथवा मोबाइल पर मैसेज के जरिये प्राप्त हाईपर लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आवेदक अपने आवेदन की स्थिति देख सकता है, जिसमें एप्लिकेशन इन्फॉरमेशन में प्रार्थी की आवेदन संबंधी जानकारी एवं फॉरवर्ड एप्लिकेशन हिस्ट्री में पत्रावली पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

एकल खिड़की पर इन्द्राज आवेदन अथवा फाईल के संबंध में कार्यवाही होने पर उसका भी एसएमएस आवेदक को प्राप्त होगा।

आवेदक द्वारा प्राधिकरण की वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन सर्विसेज एवं फिर ट्रैक यॉर एप्लिकेशन पर क्लिक कर, इसके बाद सीसीसी नम्बर एवं मोबाईल नं. दर्ज कर आवेदन अथवा फाईल का रियल टाईम स्टेटस देख सकता है।

जालोर जिले में स्मैक सहित तीन आरोपी पकड़े

जालोर, (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को 37 ग्राम स्मैक, थाना बागरा द्वारा 01.32 ग्राम स्मैक सहित नकद 40150 रूपये व भीनमाल पुलिस ने 20.90 ग्राम स्मैक जब्त की गई।

पुलिस ने कुल 60 ग्राम स्मैक (हेरोईन) बरामद की, जिसकी बाजार कीमत 12 लाख रूपये आंकी गई है। पुलिस ने तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल भी जब्त की।

जालोर जिले भर में अवैध मादक पदार्थो की धरपकड़ व बरामदगी एवं रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना कोतवाली, बागरा एवं भीनमाल पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना कोतवाली द्वारा 37 ग्राम स्मैक, पुलिस थाना बागरा द्वारा 01.32 ग्राम स्मैक सहित नकद 40150 रूपये व पुलिस थाना भीनमाल पुलिस ने 20.90 ग्राम स्मैक जब्त की।

कोतवाली पुलिस ने शहर के थर्ड फैज जालोर में आरोपी नरेश कुमार (21) पुत्र पुनमाराम जाति बिश्नोई, निवासी पुनासा पुलिस थाना भीनमाल जिला जालोर के कब्जे से 37 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद कर अवैध मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल को जब्त किया जाकर आरोपी नरेश कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

वहीं बागरा पुलिस ने डूडसी थाना बागरा में दूध की डेयरी चलाने वाले एक व्यक्ति को दस्तयाब कर उसके कब्जे से 1.32 ग्राम स्मैक (हैरोईन) व स्मैक बेचने से प्राप्त राशि 40,150 रूपये नगद को बरामद कर मुलजिम विक्रम (27) पुत्र पूनमाराम जाति विश्नोई (मांझू) निवासी भालनी पुलिस थाना बागोडा जिला साचोर हाल दूध की डेयरी डूडसी पुलिस थाना बागरा जिला जालोर को गिरफ्तार किया।

विक्रम कुमार ने उक्त अवैध स्मैक (हैरोईन) अपने रिश्तेदार नरेश कुमार पुत्र पूनमाराम जाति विश्नोई निवासी पुनासा पुलिस थाना भीनमाल से खरीद कर लाना व उसमें से कुछ स्मैंक नशेड़ियों को बेचना जिससे 40,150/- प्राप्त हुए व शेष बची स्मैक (हैरोईन) को मुलजिम विक्रम कुमार के कब्जे से बरामद की गई है। मुलजिम विक्रम कुमार का साथी नरेश कुमार को पुलिस थाना कोतवाली जालौर में भी अवैध स्मैक (हैरोईन) रखने के जुर्म में गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है।

भीनमाल पुलिस ने दौरान नाकाबंदी के सरहद पुनासा में हिरो स्पेलंडर मोटरसाइकिल आता हुआ दिखाई दिया। उक्त मोटर साईकिल संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल को रोककर मोटरसाइकिल चालक को दस्तयाब कर चैक किया गया तो युवक के कब्जे में प्लास्टिक की थैली सहित कुल 20.90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक होना पाया गया। जिस पर मुलजिम के कब्जे से कुल 20.90 ग्राम स्मैक बरामद कर मुलजिम गोपीचंद (28)पुत्र रामचंन्द्र जाति विश्नोई (लोल) निवासी सेवडी पुलिस थाना बागोडा जिला सांचौर को गिरफ्तार किया जाकर अवैध मादक पदार्थ स्मैक को परिवहन करने में प्रयुक्त हीरो स्पेलडर प्लस मोटर साईकिल को जब्त कर मुलजिम के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया।

नितिन अग्रवाल जोधपुर पहुंचे

जोधपुर, (कासं)। सीमा सुरक्षा बल महानिदेशक नितिन अग्रवाल नई दिल्ली से आज अपने तीन दिवसीय अधिकारिक दौरे पर राजस्थान फ्रंटियर मुख्यालय जोधपुर पहुंचे। सीमा सुरक्षा बल पश्चिमी कमान (चंडीगढ़) के विशेष महानिदेशक वाई बी खुरानिया भी जोधपुर आए है।

महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल के जोधपुर आगमन पर महानिरीक्षक राजस्थान फ्रंटियर मकरन्द देउस्कर ने स्वागत किया।

महानिदेशक ने सीमा सुरक्षा बल फ्रंटियर मुख्यालय में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर राजस्थान फ्रंटियर की सामरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श किया।

महानिदेशक ने सीमा सुरक्षा बल फ्रंटियर मुख्यालय में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर राजस्थान फ्रंटियर की सामरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श किया।

उन्होंने मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए निर्देश दिए और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए दृढ़ उपायों को लागू करने और अभिनव पहलों को लागू करने की आवश्यकताओं पर भी जोर दिया।

भा.वि.प. के चुनाव संपन्न

सायला, (निसं)। विवेकानंद विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को भारत विकास परिषद् शाखा सायला की साधारण आमसभा एवं वार्षिक चुनाव राजस्थान पश्चिम प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष (संस्कार) एवं प्रांतीय चुनाव अधिकारी पदमाराम चौधरी के निर्देशन में सम्पन्न हुए।

सायला शाखा अध्यक्ष महेश कुमार दवे ने स्वागत उद्बोधन दिया एवं शाखा सचिव मनमोहन प्रजापत ने पिछली आम सभा बैठक की कार्यवाही का पठन किया तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने इस वर्ष के आय -व्यय का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कार्य म के द्वितीय सत्र में चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया। जिसमें प्रांतीय चुनाव अधिकारी पदमाराम चौधरी ने चुनाव के नियमों की जानकारी दी एवं चुनाव प्रक्रिया के तहत शाखा की वर्ष 2024-25 के लिए सर्वसम्मति से हनुवंतसिंह राजपुरोहित को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सचिव महेश कुमार दवे व कोषाध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल घोषित किए गए।

राष्ट्र के नवनिर्माण में भागीदार बनें : प्रतापपुरी महाराज

पोकरण, (कासं)। होली फागोत्सव स्नेह मिलन समारोह रामनाथ का घुणा आशापूर्ण मन्दिर रोड में बुधवार सुबह 11बजे से चार बजे तक गत वर्ष की भांतिभाजपा विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज के सानिध्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा ायोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पोकरण विधायक महन्त प्रताप पुरी महाराज ने अपने उदबोधन के दौरान कहा कि भगवान कृष्ण के जीवन पर आधारित हर व्यक्ति को राष्ट्र प्रेम के साथ ही साथ जीवन को प्रगति व राष्ट्र के दो निर्माण को लेकर हर आदमी कर्तव्य पथ पर चलकर राष्ट्र के नवनिर्माण में भागीदार बने। देश भारत विश्व गुरु बनाने के लिए गाडी के दो चक्को को बैलेंस बनाकर अपना मतदान का सही उपयोग कर डबल इंजन की ट्रिपल सरकार बनाने में भागीदार बने। पोकरण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षो, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों ने, फागोत्सव होलीस्नेह मिलन कार्यक्रम को रंगारंग बनाने के लिए स्थानीय पुष्करणा समाज भजन मंडली कलाकारों द्वारा भगवान कृष्ण के जीवन पर आधारित विभिन्न रागरोगाणीयौ में भजन मंडली के मोहनलाल पुरोहित, अनिल रंगा , मुकेश ओझा, ओमप्रकाश छंगाणी, शैलेश छंगाणी, घनश्याम जोशी, पप्पू महाराज, पुखराज बिस्सा, सुरेश बिस्सा, जय जोशी सहित कई भजन कलाकारों द्वारा होलिया में उडे रे गुलाल छाया रग केसरीया,ओ तिरछी नेणोवाली सहित कई भजनों की छडी लगा दी। भजनों के साथ श्रोता नाचने झूमने लगे। मंडली नेअपनी प्रस्तुति देकर पंडाल को होली पर्व के साथ ही साथ भक्ति मय एवं देश प्रेम से सरोबार सुर व लाल के साथ विभिन्न रंगों के फुलो की खुशबू से सरोबार फुलो कि होली खैल कर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान पोकरण विधायक मंत्र प्रताप पुरी द्वारा भजन मंडली के कलाकारों को साफा पहनाकर व शोल भेटकर संबंधित किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान मीडिया कर्मियों व बाहर से आए हुए कई साधु संतोंका सम्मान किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश शारदा, पूर्व जिलाध्यक्ष जुगल किशोर व्यास , अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीवन खा भारे वाला, नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, पंचायत समिति सांकडा प्रधान भगत सिंह तंवर, केलवा सरपंच प्रतिनिधि राजू सिंह देवडा, लकी सरपंच प्रतिनिधि जसवंत सिंह राव लोत, रामदेवरा सरपंच समुंदर सिंह तंवर, पूर्व सरपंच नन्दकिशोर व्यास नोख, सहित कई जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारीयो ने कार्यक्रम में शिरकत की। होली स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान पोकरण शहर साकडा, नाचना ,फलसूंड, भणियाणा, रामदेवरा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया।

31 मार्च तक उत्कर्ष कोर्स की सौगात

जोधपुर, (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस द्वारा आगामी 31 मार्च तक विद्यार्थियों के लिए बडी सौगात दी जा रही है। इसके तहत वे विद्यार्थी जो 21 मार्च से आगामी 31 मार्च तक उत्कर्ष के होली हंगामा के अंतर्गत ऑनलाइन कोर्स प्राप्त कर रखे हैं अथवा करेंगे, उन्हीं में से 1313 विद्यार्थियों का कोर्स बिल्कुल फ्री कर दिया जाएगा। इन भाग्यशाली विद्यार्थियों का चयन लकी ड्रॉ से किया जाएगा।

उत्कर्ष क्लासेस के फाउंडर एंड सीईओ डॉ. निर्मल गहलोत ने जानकारी दी कि ज्ञातव्य है कि होली के शुभ अवसर पर रखे गए उत्कर्ष होली हंगामा के तहत 21 मार्च से 31 मार्च तक उत्कर्ष एप में विभिन्न परीक्षा वर्गों के 65० से अधिक ऑनलाइन कोर्स पर 9० प्रतिशत तक की भारी छूट के साथ ही 3 माह की अतिरिक्त वैधता दी जा रही है। इसी दौरान जिन विद्यार्थियों ने उत्कर्ष एप का अपना पसंदीदा ऑनलाइन कोर्स प्राप्त किया है उनमें से लकी ड्रॉ के माध्यम से 1313 भाग्यशाली विद्यार्थियों को चुन कर उनका उक्त ऑनलाइन कोर्स बिल्कुल निश्शुल्क कर दिया जाएगा। भाग्यशाली विद्यार्थियों की सूची 2 अप्रैल की रात 8 बजे जारी की जाएगी। होली हंगामा में ही उत्कर्ष एप की बुकशाला से प्रिंटेड नोट्स, बुक्स इत्यादि अध्ययन सामग्री ऑर्डर करने पर भी बडी छूट है। उत्कर्ष एप में आईएएस, आरएएस, यूपीपीसीएस, एमपीपीएससी, बीपीएससी, बीएसएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि, राजस्थान तथा अन्य राज्यों के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायिक सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं।

सार-समाचार

सुमेरसिंह भाटी का मदुरै में सम्मान किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले के ओरणों व पर्यावरण को बचाने में जुटे फतेहगढ़ तहसील के सांवता गांव के पर्यावरण संरक्षक सुमेरसिंह भाटी को बुधवार को तमिलनाडु के मदुरै में आयोजित एफईएस, सेवा, आईजीएफआरआई व रेंज मैनेजमेंट सोसायटी के संयुक्त तत्वा0धान में वर्ष 2026को अंतर्राष्ट्रीय चारागाह व पशुपालन वर्ष के रूप में मनाने के उपलक्ष्य में रेंजलेंड अवार्ड से सम्मानित किया गया। ओरण, गोचर व पारम्परिक पशुपालन संरक्षण से जुड़े विभिन्न संगठनों द्वारा भारत में रेंजलैंड अवार्ड की शुरुआत की गयी है। भाटी ने कार्यक्रम के दौरान मौजूद अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच अपने विचार रखे और जैसलमेर के ओरणो के संरक्षण की आवाज को भी उठाया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2026 में मंगोलिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय चारागाह व पशुपालन वर्ष के रूप में प्रस्तावित है। इस दौरान भाटी ने कहा की भगवान ने जीवन दिया है तो कुछ मिट्टी के लिए करना चाहिये, वन्यजीव, पशु, ओरण, गोचर, चारागाह, तालाब, कुएं, बावड़ी के संरक्षण में सभी युवाओं को जरुर आगे आना चाहिये और आज अच्छे कार्य के लिये राष्ट्रीय स्तर पर ओरण टीम की आवाज की सरहाना हो रही है।

कैलाश चौधरी ने दाखिल किया नामांकन

बाड़मेर/बालोतरा, (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की 13 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन बाडमेर जैसलमेर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कैलाश चौधरी ने अपने समर्थको के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन के समक्ष पहुचकर नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद स्थानीय आदर्श स्टेडियम में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें गुडामालानी विधायक के के विश्नोई, चौहटन विधायक आदुराम मेघवाल, बाडमेर की निर्दलीय विधायक प्रियंका चौधरी, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी समेत पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। बाड़मेर - जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने कैलाश चौधरी को दुसरी बार प्रत्याशी बनाया है। वहीं उम्मेदाराम बेनीवाल कांग्रेस से प्रत्याशी होंगें। जिन्होंने हाल हीं में आरएलपी से कांग्रेस का दामन थामा है। शिव के निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने लोकसभा चुनाव लडने की घोषणा कर इस सीट को त्रिकोणीय मुकाबले में तब्दील कर दिया है। जानकारी के मुताबिक बेनिवाल 3 व भाटी 4 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। गुरुवार से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया 4 अप्रैल तक चलेगी। 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जॉच होंगी। 8 अप्रैल तक नामांकन वापिस लिये जा सकेंगे। 26 अप्रैल को मतदान व 4 जून को मतगणना होगी।

दिव्यांगजन प्रकोष्ठ का गठन

पाली, (नि.सं.)। निर्वाचन आयोग द्वारा "कोई मतदाता पीछे ना छूटे" के सिद्धांत को हासिल करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एल एन मंत्री ने दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को चुनाव 2024 में सम्मिलित करने के विशेष प्रयास किये जाने एवं निर्वाचन से जोड़ने के लिए दिव्यांगजन प्रकोष्ठ का गठन किया गया। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी उप निदेशक सामाजिक न्याय एव अधिकारिता विभाग ज्योतिप्रकाश अरोड़ा को नियुक्त किया गया है तथा प्रत्येक सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से इस कार्य के लिए एक-एक डिसबलिटी कॉर्डिनेटर (उक्त कार्य का सुचारू सं्चालन) तथा नोडल अधिकारी (मतदान दिवस केंद पर दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठ नागरिको के लिए उचित परिवहन सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए) नियुक्त करने के निर्देश दिए है।

मानसी राठी बनी एम.बी.बी.एस. डॉक्टर

जैसलमेर, (नि.सं.)। स्थानीय दलाला पाड़ा निवासी मानसी राठी पुत्री सीमा अरविन्द राठी (दलाल) गुजरात मेडिकल कॉलेज बड़ौदा से एमबीबीएस डॉक्टर बनी है। मानसी राठी के पिता अरविन्द राठी का वर्तमान में गुजरात के सूरत शहर में कपड़े का व्यवस्याय है । मानसी राठी ने इस सफलता का श्रेय माता पिता, परिजनों व गुरुजनों को दिया है। ज्ञात रहे कि माहेश्वरी समाज सदियों से जैसलमेर सहित सम्पूर्ण भारत वर्ष को गायनिक, एमबीबीएस, सर्जन, न्यूरो सर्जन, आर्थोपेटिक, डेंटिस्ट डॉक्टर सेवाएं देने में अग्रणी रहा है।

दादी जानकी का पुण्य स्मृति दिवस मनाया

फालना, (निसं)। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय फालना सेंटर पर गुरूवार को दादी जानकी का पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। दादी की पुण्यतिथि 27 मार्च को सारे विश्व में वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में भी मनाई जाती है। दादी जानकी लगभग 104 वर्ष की आयु तक 140 देशों में यात्रा की। सेंटर की संरक्षिका मीरा दीदी, हीरा भाई,समाजसेवी अमित मेह